**भारत सरकार**
**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र**
**नाभिकीय पुनःचक्रण बोर्ड**
**एकीकृत नाभिकीय पुनःचक्रण संयंत्र प्रचालन**
**आर एंड डब्ल्यूएम, तारापुर**

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना :बीएआरसी(ता) /एनआरबी/आईएनआरपीओ/आरडब्ल्यूएम/आरपी/ई&आइ/PT-08 /2024

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से महाप्रबंधक , आरएंड डब्ल्यूएम, एनआरबीतारापुर,भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ,द्वारा निम्नंलिखित कार्यों हेतु उन पात्र ठेकेदारों से दो भागों अर्थात भाग 'क'- योग्यता मानदंड से संबंधित कागजात तथा भाग 'ख'-वित्तीय बोली में ई-निविदाकरण के माध्यम से ऑनलाईन मद-दर निविदा आमंत्रित की जाती है , जिनका नाम सीपीडब्ल्यूडी , एमईएस, रेल्वे, राज्य पी.[1]डब्ल्यूडी, केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों/केंद्रीय स्वायत्त निकायों की अनुमोदित सूची में हों अथवा जिन्हें परमाणु ऊर्जा विभाग (पऊवि) में ऐसे महत्वपूर्ण समान कार्य करने का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता हो।

| | | |
|---|---|---|
| i) | कार्य का नाम | "साइट पर प्रक्रिया उपकरणों का अंशांकन और सीडीएसीएस का रखरखाव" |
| ii) | कार्य की अवस्थिति | पुनर्संसाधन संयंत्र , एनआरबी,बीएआरसी,तारापुर। |
| iii) | अनुमानित लागत | रु.82,90,000/- (रु. बयासी लाख नब्बे हज़ार मात्र) |
| iv) | बिड प्रतिभूति घोषणा | भावी बिडरों को संलग्न फार्मेट के अनुसार बिड-प्रतिभूति घोषणा प्रस्तुत करनी चाहिए। |

टिप्पणी:-

मैं/हम यह स्वीकार करते हैं कि यदि वैधता अवधि के दौरान बिडों को वापस लिया जाता है अथवा संशोधित किया जाता है अथवा यदि कार्य देने के बाद मैं/हम ठेका पर हस्ताक्षर करने में विफल होते हैं अथवा निविदा कागजात में विनिर्दिष्ट निधार्रित अवधि से पहले कार्य निष्पादन गांरटी जमा करने में विफल होते हैं , तो मैं/हम 5 वर्षों के लिए निलंबित हो जाएगें तथा मैं/हम इस अवधि के लिए एनआरबी , बीएआरसी द्वारा जारी किसी निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| v) | निविदा दस्तावेज का मूल्य | शून्या |
| vi) | निविदा प्रक्रिया शुल्क | रु. 0/- |
| vii) | समाप्ति की अवधि | 24(चौबीस) कैलेंडरमाह। |
| viii) | निविदा दस्तावेजखरीदने/ डाउनलोड करने के लिए तारीखें (एक्सेल/वर्ड फ़ार्मेट) | https://eprocure.gov.in//eprocure/app वेबसाइट पर दिनांक03/06/2024(09:00बजे)से। www.barc.gov.in वेबसाइट पर विस्तृ त एनआईटी केवल देखने के लिए भी उपलब्धर है |
| ix) | बोली-पूर्व स्पष्टीकरण की तारीख एवं स्थान | ठेकेदारों से अनुरोध है कि वे बोली पूर्व की अपनी पूछताछ को दिनांक 18/06/2024(15:00 बजे) तक ईमेल द्वारा भिजवाएं। बोलीपूर्व की बैठक प्रीफ्री-२ के सम्मेलन कक्ष मेदिनांक 20/06/2024(14:00बजे)को आयोजित होगी। बोलीपूर्वस्प0ष्टी0करण https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर दिनांक 21/06/2024 तक अपलोड किए जाएंगे। |
| x) | निविदाओं के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख एवं समय | दिनांक03/06/2024(09:00बजे)से 03/07/2024 (15:00 बजे)तक |
| | भाग 'क' को ऑनलाइन | |

| | | |
|---|---|---|
| xi) | खोलने की तारीख एवं समय | दिनांक 04/07/2024(15:30बजे) |
| Xii) | पात्र बोलीकर्ताओं के भाग 'ख' को खोलने की तिथि | बाद की तारीख में https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर अधिसूचित किया जाएगा। |

**सूचना, पात्रता मानदंड, शर्तें एवं अनुदेश**
**सूचना :**

2. निविदा दस्तावेज दो भागों अर्थात भाग 'क' (योग्यता मानदंड से संबंधित कागजात) एवं भाग 'ख' (वित्तीय बोली) में तैयार किया गया है। भाग 'क' में योग्यता मानदंड से संबंधित कागजात है यथा : खंड I-ई निविदा आमंत्रण सूचना (अंग्रेजी और हिंदी भाषा में), खंड II- करार का प्रपत्र एवं ठेकेदारों के मार्गदर्शन हेतु सामान्य नियम एवं निदेश, ज्ञापन, खंड III- ठेके की सामान्य शर्तें, अतिरिक्त शर्तें, खंड IV- निविदाकारों को विशेष अनुदेश, खंड V-तकनीकी विनिर्देश, खंड VI- टेंडर ड्राइंग्स की सूची, खंड VII-अनुसूची 'ख' क प्रोफार्मा। भाग 'ख' (वित्तीनय बोली) में अनुसूची 'क'-प्रमात्राओं एवं दरों की अनुसूची है।

भावी बोलीकर्ता या सामान्यर जन उक्त। दस्तािवेजों को वेबसाइट **https://eprocure.gov.in//eprocure/app** से देख सकते हैं एवं इसके पीडीएफ फार्मेट को नि:शुल्क डाउनलोड कर सकते हैं। विस्तृत एनआईटी वेबसाइट **www.barc.gov.in** पर केवल देखने हेतु उपलब्ध रहेगी।

निविदा में भाग लेने के लिए, भावी बोलीकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने यूज़र आईडी/पासवर्ड एवं क्लास **III** डिजिटल हस्तादक्षर प्रमाणपत्र के साथ वेबसाइट **https://eprocure.gov.in//eprocure/app** के होमपेज में लॉगइन करें।

संभावित बोलीदाताओं को एक्सेल फॉर्मेट प्राइस बिड को डाउनलोड करना होगा और एक्सेल डॉक्यूमेंट को भरना होगा और उसका नाम बदले बिना अपलोड करना होगा। कृपया निविदा जमा करने के लिए हेल्प मैनुअल देखें / एनआईटी के अनुसार हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

उल्लिखित कार्यों के लिए निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख के पूर्व कार्य दिवस तक निविदा ड्राइंग (खंड **VI)**सहायक महाप्रबंधक काकार्यालय,ई ई **&** आईआर एंड डब्ल्यूएम **,** एनआरबी तारापुर, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में केवल निरीक्षण के लिए निविदाकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी तथा बोलीकर्ता यदि आवश्यक हो तो व्यक्तिगत रूप से ड्राइंग का अध्ययन करने के लिए भी आ सकते हैं। यह वेब साइट पर उपलब्ध नहीं होगी।

सफ़लता प्राप्त बोलीकर्ता को कार्य दिए जाने के बाद उपरोक्तथ सभी दस्ताआवेज करार के भाग होंगे।

**आरंभिक पात्रता मानदंड:**

3. बोलीकर्ता के पास निम्नोलिखित होना चाहिए :

**(**क) ठेकेदारों के समुचित वर्ग **,** यदि कोई है**,** में पंजीयन।
**(**ख) न्यूनतम रु. 33,16,000/- का किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र तथा निविदा खुलने की तारीख से पूर्व एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।
(ग) दिनांक **31** मार्च **,2023** को समाप्त पिछले **3** लगातार वित्तीय वर्षों के दौरान कम से कम रु. 41,45,000/- का औसत वार्षिक वित्तीय टर्नोवर होना चाहिए। इसे किसी पंजीकृत चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा विधिवत लेखा परीक्षित होना चाहिए (चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाण-पत्र की स्कैन प्रति अपलोड किया जाए) जिस वर्ष में कोई टर्नओवर नहीं किया गया है **,** उसे भी औसत निकालने के लिए गिना जाएगा।
**(**घ) दिनांक **31** मार्च**,2023**को समाप्त पिछले **5** वर्षों के दौरान दो वर्षों में कोई हानि नहीं होनी चाहिए।
**(**च) गत 7 वर्षो के दौरान इस तरह का कार्य किया हो।

**(छ)** गत सात वर्ष में पूर्ण किए गए कार्य तथा वर्तमान चालू कार्य के संबंध में बोलीकर्ता का निष्पा्दन ऐसे अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए जो कार्यकारी अभियंता के स्तयर के नीचे का न हो तथा इसे सीलबंद कवर में प्राप्‍ करना चाहिए।

**(ज)** कार्य के उचित और समय पर निष्पादन के लिए आवश्यक सूची के अनुसार बोलीकर्ता के पास निर्माण उपकरण होना चाहिए। अन्यथा**,** उसे यह प्रमाणित करना चाहिए कि वह किराए पर लेने आदि द्वारा उपकरण का प्रबंधन करने में सक्षम होगा और उन फर्मों की सूची प्रस्तुत करेगा जिनसे वह किराए पर लेने का प्रस्ताव करता है।

**(झ)** ठेके के उचित निष्पादन के लिए बोलीकर्ता के पास पर्याप्त संख्या में तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारी होने चाहिए। बोलीदाता को इन कर्मचारियों की एक सूची प्रस्तुत करनी चाहिए जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया हो कि वे इस काम में कैसे शामिल होंगे।

(**ट**) वैध जीएसटी पंजीकरण प्रमाण-पत्र की प्रति

(ठ) स्थायी खाता सं (पैन ) की प्रति ।

(ढ) पी एफ पंजीकरण सं. ।

**(ण)** विभिन्न क्लायंटों हेतु किए गये कार्य के मूल्य के सबूत हेतु टीडीएस प्रमाण-पत्र

**(त)** ठेकेदार यह घोषणा करेगें कि उन्हें किसी प्राधिकारी/एजेंसी के द्वारा निविदा करने से डिबार नहीं किया गया हैं ।

**(थ)** जिस माह में निविदा के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है **,** उसके पूर्व माह के अंतिम दिन को समाप्त होने वाले सात (07) वर्षो के दौरान सभी परिप्रेक्ष्यप में**(**कार्य के क्लापइंट द्वारा मुख्य ठेकेदार के रूप में निष्पामदन के प्रमाणपत्र के आधार पर **)** समान कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किये गये जाने का अनुभव। निविदा प्रस्तुतिकरण के अंतिम तारीख के पूर्व दिवस तक पूरा किये गये कार्यों पर भी विचार किया जाएगा। संयुक्त उद्यम में कार्य स्वीकार्य नहीं हैं।

4**.** बिडरों द्वारा संतोषजनक रुप से पूरा (कार्यो के क्लाइंटों द्वारा कार्यनिष्पादन के प्रमाणन पर आधारित ) कार्य किया जाना चाहिए।

**(i)** रु. 33,16,000/- ( अनुमानित लागत का 40% ) की लागत से कम के नहीं इसी प्रकार के **03 (**तीन) समान कार्य, अथवा

**(ii)** रु. 49,74,000/-( अनुमानित लागत का 60% ) की लागत से कम के नहीं इसी प्रकार के **02 (**दो) समान कार्य, अथवा

**(iii)** रु. 66,32,000/-( अनुमानित लागत का 80% ) की लागत से कम के नहीं इसी प्रकार का **01 (**एक) समान कार्य, अथवा

जिस माह निविदा आमंत्रित की जाती है उस माह के पूर्व के माह के अंतिम दिन को समाप्त गत **7** (सात) वर्षो के दौरान तथा यदि योग्य समान कार्य केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/केंद्र अथवा राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/केंद्रीय स्वायत्त निकाय में न किया गया हो**,** उसके के लिए बिडर द्वारा टीडीएस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

**5.** अर्हता के उद्देश्य के लिए **"**कार्य के कीमत**"** का अर्थ उन सामग्रियों **,** जिनकी मुफ्त में आपूर्ति की गयी है **,** को छोड़कर सरकार/क्लायंटों दवारा आपूर्ति की गयी सामग्रियों की कीमत सहित पूरा किये गये कार्य का समग्र मूल्य होगा। इस क्लाज के उद्देश्य के लिए **"**इसीप्रकार के कार्य**"** का तात्पर्य है **"**इंस्टालेशन या कमीशनिंग या मैंटेनेंस स्नाइडर पीएलसी या वंडरवेयर प्रणाली आधारित कम्प्यूटरीकृत डेटा अधिग्रहण सर्वर**,**ऑपरेटिंग स्टेशन**,** हिस्टोरियन सर्वर के लिए**"** समान कार्य भारत में निष्पादित कार्य होना चाहिए। ज्वाइंट वेंचर कार्य की कीमत स्वीकार्य नही हैं।

**6.** निष्पादित कार्य के मूल्य को **7%** प्रति वर्ष की सामान्य दर पर कार्य की वास्तविक मूल्य में वृद्धि करते हुए वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा जिसका परिकलन पूर्णता की तारीख से निविदा कागजात के क्रय/डाउनलोड करने के लिए अनुरोध की आखिरी तारीख तक किया जाएगा।

**7**. ठेकेदार की बोली लगाने की क्षमता कार्य के अनुमानित कीमत के बराबर अथवा उससे अधिक होना चाहिए। बोली लगाने की क्षमता को निम्नलिखित सूत्र द्वारा तय किया जाएगा :

**बोली लगाने की क्षमता = (A X N X 2) - B**

जहाँ A = पूरा किये गये तथा जारी कार्य को ध्यान में रखते हुए पिछले 5 वर्षों के दौरान किसी एक वर्ष में किये गये कार्य में अधिकतम टर्नओवर। पूर्ण किए गए कार्य के मूल्य को %7प्रतिवर्ष के साधारण दर से बढ़ा करके वर्तमान लागत स्तर तक लाया जाएगा।

N = कार्य, जिसके लिए बिड आमंत्रित किये गये हैं, की पूर्णता हेतु निर्धारित किये गये वर्षों की संख्या।

B = कार्य, जिसके लिए बिड आमंत्रित किये गये हैं, की पूर्णता की अवधि के दौरान चल रहे कार्यों को पूरा किया जाना तथा वर्तमान प्रतिबद्धताएं।

यद्यपि कोई बोलीकर्ता उपरोक्त आवश्यकता को पूरा कर सकता है , वह अयोग्य माना जाएगा यदि उसने

- भ्रमात्मकअथवाझूठाअभ्यावेदनकियाहैअथवायोग्यतामानदंडकागजातमेंअपेक्षितफार्मों, कथनोंतथापरिशिष्टोंमेंदीगईसूचनाकोजानबूझकरछिपायाहै।
- वित्तीयअसफलता/कमजोरीइत्यादिअथवाठेकेकोठीकसेनपूराकरने, कार्यकोछोड़ देनेजैसेखराबकार्यनिष्पादनकारिकार्डरखताहै।

8. बोलीकर्ता भारत में एक पंजीकृत फर्म होना चाहिए। संयुक्त उद्यम तथा /अथवा कंसोर्टियम स्वीकार्य नहीं है।

**शर्तें :**

9. निविदा के भाग 'क' के खुलने के पश्चात , सक्षम प्राधिकारी, एक निरीक्षण दल गठित करेगें , जो निम्नलिखित आधार पर आधारित निविदाकारों के चयनित चालू कार्य क्षेत्रों/ पूर्ण किए गए कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा ताकि क्षमता का मूल्यांकन किया जा सकें :-

क) वित्तीय क्षमता एवं पिछले 5 वर्षों के दौरान उनका टर्नओवर।
ख) संबंधित कार्य के संदर्भ में कंपनी की तकनीकी क्षमताएं।
ग) पिछले 7 वर्षो के दौरान निविदाकार द्वारा निष्पादित कार्यों का स्वरूप।
घ) कंपनी की संगठनात्मक संरचना ।
च) कंपनी द्वारा संबंधित कार्य करने हेतु अपेक्षित आवश्यक संसाधन।
छ) समय एवं गुणवत्ता की सजगता।
ज) असंगत दावे एवं विवाद करने की कंपनी की प्रवृत्ति ।
झ) क्षेत्र नियोजन क्षमता।
ट) कंपनी की कार्य को बैक टू बैक/उप किरायेदारी पर सौंपने की प्रवृत्ति।

**अर्हता मानदंड से संबंधित कागजातों का मूल्यांकन :** इसे एनआईटी में संदर्भित योग्यता मानदंड पर आधारित वित्तीय बोली को खोलने से पहले केंद्रीय लोक निर्माण विभाग नियम पुस्तक 2014 के परिशिष्ट 20 के अनुलग्नकक -1के अनुसार किया जाएगा।

**बिडों का वित्तीय मूल्यांकन :** वित्तीय बोली को खोलने की तिथि को उन बिडरों को सूचित किया जाएगा जिनके भाग -क (अर्हता मानदंड से संबंधित कागजात) को विभाग द्वारा संतोषजनक पाया जाता है तथा ऐसे बिडरों को भाग -ख (वित्तीय बोली) को खोलने की अनुमति दी जाएगी।
इंगित कार्य का अनुमानित लागत केवल लगभग है तथा ठेकेदार द्वारा वास्तविक आंकड़ा पर आधारित दरों को निकाला जाएगा

10. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लागू सुरक्षा प्रक्रिया के अनुसार, कार्य शुरू करने से पहले पऊवि के सुरक्षा द्वारा सफल बिडरों की जांच की जाएगी।

11. निविदाकर्ता को निम्नानुसार पब्लिक नोटरी द्वारा प्रमाणित रु. 100/- के स्टाम्प पेपरपरशपथ पत्रप्रस्तुत करना होगा :

"मैं/हम वचन देता हूँ/देते हैं तथा यह निश्चित करता हूँ /करते हैं कि योग्य समान कार्य बैक टू बैक आधार पर किसी अन्य ठेकेदार द्वारा नहीं करवाया गया है। आगे , यदि ऐसा उल्लंघन विभाग के ध्यान में आता है , तब मैं/हम हमेशा-हमेश के लिए भविष्यठमें एनआरबी,भापअ केंद्र में ठेके की निविदा करने के लिए डिबार हो जाऊंगा/जाएंगे"

12. भागके खुलने के बाद निविदा में किसी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी। "क"

13. किसी शर्त या सशर्त छूट वाली निविदाओं को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। फिर भी जिन निविदाओं में बिना किसी शर्त के छूट दी गई हो उन्हें स्वीकार किया जाएगा।

14. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी सूचना बाद में गलत पाई जाती है तो उन्हें भापअ केंद्र में भविष्य में हमेशा के लिए निविदाकरण/कोई भी कार्य करने से रोक दिया जाएगा। यदि कार्य शुरू करने से पहले भी ऐसे उल्लंघन की सूचना , विभाग को प्राप्त होती है तो प्रभारी अभियंता, ईएमडी एवं निष्पादन गारंटी को पूर्ण रूप से जब्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

15. कार्य को करने के लिए समय की गणना कार्य शुरू करने के लिए कार्य आदेश जारी किए जाने के 15वें या कार्य शुरु करने की वास्तविक तिथि ,जो भी पहले हो, के अनुसार की जाएगी।

16. निविदा को निविदा के ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण के अंतिम तिथि से 120 दिनों तक वैध रखा जाएगा।

17. यदि निविदा खुलने की अंतिम तारीख को छुट्टी घोषित की जाती है तो उक्त तारीख को तदनुसार आगे के कार्य दिवस तक स्थगित माना जाएगा।

18. अनुलग्नक 'ख' में दिये गये फार्मेट के अनुसार बिड प्रतिभूति घोषणा को एक पब्लिक नोटरी द्वारा अनुप्रमाणित किया जाएगा। भावी वेंडर को उसके स्कैंड प्रति को अपलोड करना चाहिए। भाग 'ख' खुलने के पहले मूल प्रति को **सहायक महाप्रबंधक**,**ई ई & आई**,**आर एडं डब्ल्यू एम** , **एनआरबी** , **बीएआरसी**, **तारापुर**के कार्यालय में जमा किया जाएगा। ऐसा न करने पर निविदा को रद्द किया जाएगा।

19. बिल के समग्र रकम की २.५% की दर से प्रतिभूति जमा की वसूली, ठेकेदार के प्रत्येक चालू बिल तथा अंतिम बिल से तब तक की जाएगी जब तक कि वसूली गई कुल राशि कार्य के निविदाकृत मूल्य के २.५% के प्रतिभूति जमा के बराबर न हो जाए।

प्रतिभूति जमा किसी अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रुप में भी स्वीकार किया जाएगा। किसी अनुसूचित बैंक के फिक्सड डिपाजिट रसीद को भी स्वीकार किया जाएगा।

20. इसके अतिरिक्त ठेकेदार को कार्य आदेश जारी किए जाने की तिथि से 15 दिन के अंदर अथवा कार्य प्रारंभ करने से पहले , जो भी पहले हो, जमा किये जाने के लिए किसी अनुसूचित बैंक के डिमांड ड्राफ्ट/फिक्सड डिपाजिट रसीद/ बैंक गांरटी/बैकर्स चेक के रुप में सहायक महाप्रबंधक , आरएंड डब्यूब□,ई ई & आई आईएनआरपी (ओ), बीएआरसी, एनआरबी (टी) के नाम कार्यनिष्पादन गांरटी के रुप में ठेका के निविदा मूल्य के ५% की समतुल्य राशि को निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा करना होगा।

21. यदि सफल निविदाकार कार्य आदेश को जारी करने की तिथि के 15वें दिन के अंदर अथवा कार्य शुरु करने से पहले , जो भी पहले हो , जिसे ठेकेदार के लिखित अनुरोध पर 1 से 15 दिन तक कार्यनिष्पादन गारंटी रकम के 0.1% की दर से विलम्ब शुल्क के साथ आगे बढ़ाया जा सकता है , निर्धारित निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं तो विभाग (भापअ केंद्र) किसी अन्य अधिकार या उपाय पर बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के ऊपर दिए गए टिप्पणी **I (iv)** में विनिदिष्ट समय के लिए विडर को निलंबित करने के लिए स्वतंत्र होगी।

22. निविदा की स्वीकृति विभाग के पास सुरक्षित है जो सबसे कम मूल्य की निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है एवं इसके पास किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार है। वे सभी निविदाएं , जिनमें निर्धारित शर्तें पूरी न की गयी हों अथवा जो किसी भी दृष्टि से अपूर्ण होंगी उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

23. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश करना सख्त मना है तथा जो ठेकेदार सिफ़ारिश करेगा उसकी निविदा अस्वीकृत कर दी जाएगी।

24. निविदा स्वीकृत होने पर ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों , जो प्रभारी अभियंता से निर्देश लेने के लिये जिम्मेदार होंगे , के नामों की सूचना प्रभारी अभियंता को दे दी जाएगी।

25. विभाग समस्त निविदा अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता हैएवं निविदाकार अपने द्वारा दी गयी दर पर कार्य करने के लिए बाध्य होगा।

26. i) कोट किए गये दर में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) शामिल होगा तथा ठेकेदार द्वारा देय होगा एवं एनआरबी , बीएआरसी इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं करेगी। ठेकेदार को माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए तथा कार्य पर वर्तमान आदेश के अनुसार लागू जीएसटी ठेकेदार द्वारा संबंधित कर प्राधिकारियों को भुगतान किया जाएगा।

ii) यथा लागू श्रम कल्याण उपकर ठेकेदार को भुगतान किये गये प्रत्येक बिल से वसूल की जाएगी।

iii) आयकर, जीएसटी टीडीएस एवं अन्य कोई कर जैसा लागू हो, ठेकेदार को भुगतान किये गये प्रत्येक बिल से काटा जाएगा।

iv)सभी कर्मियों को लागू न्यूनतम मजदूरी देनी होगी।

v) ठेकेदार को ईपीएफ एवं ईएसआईसी के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। ठेकेदार को ठेका कर्मियों के ईपीएफ एवं ईएसआईसी को संबंधित एजेंसी को जमा करना होगा ।इस बात से संतुष्ट होने के बाद कि ईपीएफ एवं ईएसआईसी को वास्तविक रुप से एवं असली रुप में ठेकेदार द्वारा अदा किया गया है, ईपीएफ एवं ईएसआईसी (दोनों का नियोक्ता का अंशदान) विभाग द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। बिडर को ईपीएफ एवं ईएसआईसी को अपने दर में नही मानना चाहिए।

27. यदि कोई निविदाकार वैधता अवधि के अंदर तथा कार्य दिये जाने से पहले , जो भी पहले हो, अपनी निविदा वापस लेता है अथवा निविदा की निबंधनों और शर्तों में ऐसा संशोधन करता है जो कि विभाग को मान्य न हो तो सरकार तो सरकार किसी भी अधिकार या उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऊपर दिए गए नोट 1 (iv) में निर्दिष्ट समय के लिए बोली लगाने वाले को निलंबित करने के लिए स्वतंत्र होगी।

28. सफल विडर को कार्य देने के बाद ठेकेदार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समय अनुसूची एवं कैश फ्लो विवरणी प्रस्तुत करेगा , जो करार का एक भाग होगा।

29. **जिन सफल बोलीकर्ता की निविदा स्वी ेकार की जाती है उन्हें बीएआरसी के अंदर काम करने वाले अपने सभी कार्मिकों जैसे: इंजीनियरों, पर्यवेक्षकों एवं मजदूरों का अपने खर्चे पर पुलिस विभाग द्वारा जारी पुलिस सत्याअपन प्रमाणपत्र (पीवीसी) प्राप्त करना आवश्य क होगा।**

सुरक्षा जांच के बाद यदि ठेकेदार/कंपनी/फर्म/प्रोपराइटर और/अथवा उसके ठेके के कार्मिकों के विरुद्ध कोई प्रतिकूल चार्टर तथा पूर्ववृत्तं की अभ्युकक्ति/अधिसूचना प्राप्तप होती है तो भापअ केंद्र, बिना कोई कारण बताए/बिना 'कारण बताओ नोटिस' जारी किए तुरंत ठेके को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी परिस्थिति में ठेकेदार के पास यह अधिकार नहीं होगा कि भापअ केंद्र द्वारा की गई उपरोक्ते कार्रवाई के परिणामस्वैरूप यदि उसका कोई नुकसान/देयता हो तो उसकी भरपाई के लिए वह दावा करे। पऊवि/भापअ केंद्र द्वारा समय-समय पर जारी सुरक्षा अनुदेश का पालन ठेकेदार द्वारा नहीं करने पर भापअ केंद्र के पास यह अधिकार होगा कि वह सरकार के पास जमा निष्पारदन प्रतिभूति और/अथवा प्रतिभूति जमा आंशिक अथवा पूर्ण रूप से जब्तक कर ले।

**अनुदेश :**

30. ठेकेदार https://eprocure.gov.in/eprocure/app के साथ पंजीकृत होना चाहिए। जो ठेकेदार ऊपर उल्लेखित वेबसाइट पर पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें पंजीकृत होना जरूरी है। यदि आवश्यक हो , वेबसाइट पर उपलब्ध ब्योरे के अनुसार , उन्हें ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण दिया जा सकता है।

31. इच्छुक बोलीकर्ता के पास बोली प्रस्तुत करने के लिए निविदा दस्तादवेज की खरीद/ डाउनलोड (एक्सेकल/वर्ड फार्मेट) करने हेतु वैध क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर होना चाहिए।

32. जमा बयाना एवं यथा विनिर्दिष्ट अन्य दस्तावेज के लिए बिड प्रतिभूति का ब्यौरा उपलब्ध कराने के बाद ही बोली प्रस्तुत /अपलोड की जा सकती है।

33. उपरोक्त उल्लिखित समय तथा तारीख तक निविदाएं ऑनलाइन प्राप्त हो जानी चाहिए। उपरोक्ती उल्लिखित समय एवं तारीख पर भाग 'क' खोली जाएगी। भाग 'क' खोलने के पश्चातत, मूल्यांपकन के लिए ठेकेदार के जारी /पूर्ण किए गए कार्य क्षेत्र एवं कार्यालय का निरीक्षण किया जाएगा । योग्यता मानदंड से संबंधित दस्तावेजों का मूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार निविदाकारों को योग्य/अयोग्य घोषित किया जाएगा। अनुलग्नक - ख के अनुसार मूल रुप में बिड प्रतिभूति घोषणा को भाग 'ख' (वित्तीरय बोली) को खोलने से पहले जमा किया जाएगा। तब योग्य बिडों को अधिसूचित तारीख एवं समय को खोला जाएगा। भाग 'ख' (वित्ती ाय बोली) खुलने की तारीख की सूचना सभी योग्य बोलीकर्ताओं को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी ।

34. निविदा खुलने के बाद ठेकेदार लॉग इन करके बोली खुलने के बाद उसकी स्थिति देख सकते हैं।

35. ठेकेदार प्रत्येक मद की दर कोट करना सुनिश्चित करें। अंकों में दर कोट करने वाला कॉलम पीले रंग का लगता है तथा जैसे दर की प्रविष्टि की जाती है, यह आसमानी रंग का हो जाता है। इसके अतिरिक्त, कोई भी सेल चुनते (सिलेक्ट) समय एक चेतावनी दिखाई देगी कि यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है तो उसे " O" (शून्य) समझा जाएगा। इसलिए यदि कोई सेल खाली छोड़ा जाता है और बोलीकर्ता कोई दर कोट नहीं करता है तो उस मद की दर "O" (शून्य) समझी जाएगी।

36. मूल प्रति से स्कैन किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची जिन्हें बोलीकर्ता द्वारा बोली प्रस्तुतीकरण की अवधि के भीतर अपलोड करना है:-

(i) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित वित्तीय कारोबार।

(ii) चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित लाभ एवं हानि विवरण।

(iii) नवीनतम बैंक ऋण शोधन क्षमता प्रमाणपत्र।

(iv) निर्माण संयंत्र एवं मशीनरी की सूची।

(v) तकनीकी कर्मचारियों की सूची।

(vi) पैन (स्थायी खाता संख्या) पंजीयन।

(vii) अनुलग्नक - ख के अनुसार मूल रुप में बिड प्रतिभूति घोषणा।

(viii) प्रमाणपत्र:

क. पंजीयन प्रमाणपत्र , यदि कोई हो तो।

ख. कार्य अनुभव प्रमाणपत्र/निष्पादन प्रमाण-पत्र

ग. जीएसटी के लिए पंजीयन प्रमाणपत्र।

घ. पीएफ पंजीकरण प्रमाण-पत्र ।

(ix) यह वचन (अंडरटेकिंग) कि इसी प्रकार का कार्य बैक टू बैक आधार पर दूसरे ठेकेदार के माध्यम से निष्पादित नहीं कराया गया है।

(x) भाग क: खंड II तथा ठेके की सामान्य शर्तों के खंड (क्लाउज) 11 के अनुसार वचन (अंडरटेकिंग)

(xi) वैध विद्युत लाइसेंस, यदि लागू हो।

(xii)घोषणा कि ठेकेदार को किसी प्राधिकारी/एजेंसी द्वारा टेंडर करने से डिबार नहीं किया गया है।

टिप्प णी : तकनीकी मूल्यांीकन के दौरान यदि कोई संगत दस्ताबवेज नहीं पाया जाता है तो निरीक्षण समिति उसे प्रस्तुंत करने के लिए कह सकती है।

**37. बोलीकर्ता को निम्नलिखित दस्ताकवेज भरना होगा :**

**ए) भाग 'क'(योग्यता मानदंड से संबंधित कागजात) ।**

**बी) कार्य के लिए प्रस्ताोवित मानवशक्ति एवं मशीनरी (अनुलग्नक')( तकनीकी बिड में दिए गये प्रपत्र के अनुसार) ।**

**सी) दिए गए फार्मेट (अनुलग्निक ख में के अनुसार बिड सुरक्षा घोषणा**

**डी) पिछले सात वर्षों के दौरान पूर्ण समान कार्यों की सूची( तकनीकी बिड में दिए गये प्रपत्र के अनुसार)।**

**ई) चालू कार्यों की सूची( तकनीकी बिड में दिए गये प्रपत्र के अनुसार) ।**

**एफ) अनुसूची - 'क' (वित्तीय बोली)**

**टिप्पणी:**

1. पंजीकृत ठेकेदार ही आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के बाद निविदा खरीद/डाउनलोड एवं प्रस्तुत/अपलोड कर सकते हैं।
2. इच्छुक एजेंसियां पंजीकरण हेतु **https://eprocure.gov.in/eprocure/app**वेबसाइट देख सकते हैं।
3. किसी प्रकार की सहायता/स्पष्टीकरण के लिए (0**2525) –265136/127/ 265172**
   **फैक्स : (02525) 244158**पर संपर्क करें।
4. ई निविदाकरण में पंजीयन एवं सहभागिता हेतु सहायता के लिए निम्न2 व्यक्तियों से संपर्क करें:
   क. श्री भूषण कुमार और श्री मयूर जाधव दूरभाष नं. **022-25487480**
   ख. किसी भी तकनीकी संबंधित प्रश्न के लिए कृपया **24X7** हेल्प डेस्क नंबर पर कॉल करें
   1) 0120-4001 002
   2) 0120-4001 005
   3) 0120-6277 787

5.. स्थल भ्रमण / स्पष्टीकरण हेतु अनुरोध भेजने हेतु ई-मेल आईडी:-
   सेवा में **anakhate@barc.gov.in**,*psharma_ta@barc.gov.in*, *rohitameta@barc.gov.in*

**यदि एनआईटी के अंग्रेजी एवं हिंदी पाठ के बीच कोई अंतर हो तो अंग्रेजी पाठ को सही माना जाएगा।**

**महाप्रबंधक**
**आर एंड डब्ल्यूएम, एनआरबी, बीएआरसी, तारापुर**
**भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से**